


# खेल ढाबा

पटना, बुधवार, 10 दिसंबर, 2025 | वर्ष-1 ।। अंक-130 ।। पृष्ठ-11 | डिजिटल समाचार पत्र






पदक जीतने उतरेगा भारत पेज-05 हेजलवुड एशेज से बाहर पेज-05 हार्दिक पांड्या का हरफनमौला खेल, भारत जीता पेज- 05



बिहार ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में बिहार की खेल मंत्री सह अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह के सम्मान में राजधानी पटना के नृत्य कला मंदिर में अभिनंदन समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया।

### नृत्य कला मंदिर में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के अभिनंदन समारोह में उत्सव जैसा माहौल, खिलाड़ियों का सैलाब उमड़ा, खेल मंत्री बोलीं

# टीम स्पिरिट से बढ़ेगा बिहार का खेल

**पटना, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** राजधानी के नृत्य कला मंदिर में मंगलवार को उत्सव जैसा माहौल था।। माहौल और खुशनुमा तब हो गया, जब खेल मंत्री सह अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह बिहार ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में यहां आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में पहुंचीं। पूरा हॉल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संघों के पदाधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था। देर से पहुंचने वाले कईयों को खड़े होकर कार्यक्रम को देखना पड़ा।

जैसे ही श्रेयसी सिंह इस परिसर में दाखिल हुईं, तालियों, नारों और जोश से पूरा परिसर गूंज उठा। खिलाड़ियों ने फूलमालाओं से उनका ऐसा स्वागत किया कि वे देर से मंच तक पहुंचीं। धनेश्वरी देव नंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, दानापुर के बैंड ने राष्ट्रीय गीत की धुन बजा कर माहौल को राष्ट्रमय कर दिया। खिलाड़ियों के चेहरे पर झलकती मुस्कान और आंखों में उम्मीद यह महसूस करा रहा था कि आज उनके बीच वही खड़ी हैं, जो कभी मैदान में उन्हीं की तरह संघर्ष कर चुकी हैं।

सबसे पहले बिहार ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल संघों की ओर से बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह, बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, बिहार ओलंपिक संघ के सचिव प्रदीप कुमार, बिहार राइफल संघ के कुमार त्रिपुरारी प्रसाद सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव कौशल किशोर सिंह, बिहार तलवारबाजी संघ के चेयरमैन रामाशंकर प्रसाद, बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव स्मिता कुमारी, बॉस्केबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव रेखा कुमारी समेत अन्य खेल संघों के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उन्हें स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।






खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार और समारोह को संबोधित करते श्रेयसी सिंह।

#### समारोह का माहौल

- पटना के नृत्य कला मंदिर में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह का भव्य अभिनंदन समारोह।
- हॉल खिलाड़ियों, कोचों और खेल संघों से खचाखच भरा था।
- देर से आने वाले कईयों को खड़े होकर कार्यक्रम देखना पड़ा।

#### उत्साहपूर्ण स्वागत

- खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के प्रवेश करते ही तालियों और नारों से गूंज उठा पूरा परिसर।
- खिलाड़ियों ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया।
- दानापुर के विद्यालय बैंड ने राष्ट्रगीत की धुन बजाई।

#### खेल संघों द्वारा सम्मान

- बिहार ओलंपिक संघ सहित विभिन्न खेल संघों ने शॉल, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।
- कई संघों के प्रमुख और पदाधिकारी मंच पर पहुंचे और अभिवादन किया।

#### श्रेयसी सिंह का मुख्य संदेश

- यह सम्मान मेरा नहीं, बिहार के हर खिलाड़ी और प्रशिक्षक का है।"
- खेल विकास के लिए खिलाड़ी + खेल संघ +सरकार का एकजुट प्रयास जरूरी बताया।
- कहा कि बिहार की प्रतिभा किसी से कम नहीं, बस सही दिशा और सहयोग की जरूरत।

#### सरकार की खेल योजनाएं

- स्टेडियमों का नवीनीकरण, नए इंडोर हॉल और प्रशिक्षण केंद्रों का विकास चल रहा है।
- लक्ष्य : खिलाड़ियों को घर के पास अभ्यास की सुविधा देना।

#### खिलाड़ियों की जरुरतों पर जोर

- केवल ढांचा नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास, प्रतियोगिता और अनुभव जरूरी।
- सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर मिलें।

#### खेल संघों से अपील

- पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करें।
- संगठित और संरचित प्रशिक्षण व्यवस्था अपनाएँ।
- सरकार हर कदम पर सहयोग के लिए तैयार है।

#### चमक रहे हैं खिलाड़ी

- बिहार के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।
- लक्ष्य : ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रीय खेलों में अधिक पदक।

#### खिलाड़ियों के लिए संदेश

- "आपकी मेहनत ही बिहार की पहचान बनेगी।"
- "हम सब मिलकर बिहार के खेल को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं।"

इस मौके पर अपने उद्बोधन में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि सबसे पहले मैं बिहार ओलंपिक संघ और सभी खेल संघों का धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने आज इस भव्य समारोह का आयोजन किया और मुझे सम्मानित किया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं है, बल्कि उन सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल कर्मियों का है, जो मैदान से लेकर प्रशासन तक खेलों को नई दिशा देने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि मैं आज इस मंच से एक बात बड़ी स्पष्टता से कहना चाहती हूं कि राज्य में खेलों का विकास तभी संभव है, जब सरकार, खिलाड़ी और खेल संघ एक साथ, एक टीम की तरह काम करेंगे। अगर हम सब मिलकर प्रयास करें तो बिहार की खेल प्रतिभा किसी भी राज्य से कम नहीं है।

राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें। स्टेडियमों का नवीनीकरण, नए इंडोर हॉल, आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र और जिलों में नए खेल परिसर विकसित करने की दिशा में कार्य तेजी से हो रहा है। हमारा लक्ष्य है कि बिहार का हर खिलाड़ी घर के पास ही विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधा प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि मैं अच्छी तरह जानती हूँ कि खिलाड़ियों को सिर्फ ढांचे नहीं, बल्कि सही ट्रेनिंग, प्रतियोगिता का माहौल और अवसर चाहिए। इसलिए हमने जिलों में नियमित खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर बनाने की पहल की है, ताकि खिलाड़ी लगातार मैच खेलें, अनुभव बढ़ाएँ और बड़े मंचों के लिए तैयार हों।

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि मैं खेल संघों से भी अनुरोध करती हूं कि वे अपने-अपने खेल में पारदर्शिता, निष्पक्ष चयन और संरचित प्रशिक्षण व्यवस्था को और मजबूत करें। सरकार हमेशा आपके साथ है, लेकिन पूरी प्रणाली तभी मजबूत होगी जब हर पहलू जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि मैं यह भी कहना चाहती हूँ कि बिहार के खिलाड़ी अब केवल राज्य स्तर पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में हम ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रीय खेलों में और अधिक पदक जीतें।

खेल मंत्री ने कहा कि अंत में मैं सभी खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों से यही कहना चाहती हूं कि आप मेहनत करते रहिए, आपका संकल्प ही हमारे राज्य की पहचान बनेगा। सरकार आपका हर कदम पर साथ देने के लिए तैयार है। आइए, हम सब मिलकर बिहार को खेलों में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए एकजुट हो जाएँ।

इस अवसर पर वॉलीबॉल संघ के सचिव रामाशीष प्रसाद सिंह, तैराकी के सचिव रामविलास पांडेय, फुटबॉल के सचिव इम्तियाज हुसैन, हैंडबॉल के सचिव ब्रज किशोर शर्मा, कुश्ती के सचिव विनय कुमार सिंह, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष राजशेखर, बॉल बैडमिंटन के सचिव गौरीशंकर, लॉन बाउल्स के सचिव मुख्तार, ताइक्वांडो संघ के संयुक्त सचिव समता राही, स्क्वैश एसोसिएशन ऑफ बिहार के संयुक्त सचिव आयशा अहमद, डर्न पेंटाथलन के सचिव अनुराग सिंह, वुशू एसोसिएशन के सुमन मिश्रा, भारोत्तोलन के उपाध्यक्ष शिप्रा सोनी, योगा संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार, स्की एंड स्नो बोर्ड के सचिव गौतम कुमार, पिकलबॉल के सचिव रंजन कुमार गुप्ता, ड्रैग्न बोट के सचिव दीपक प्रकाश रंजन समेत हजारों की संख्या खिलाड़ी, खेल प्रेमी, प्रशिक्षक और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी मौजूद थे। अंत में धन्यवाद व्यक्त साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव कौशल किशोर सिंह ने किया। मंच का संचालन सोनी सिंह ने किया।

## झारखंड के निशानेबाज अभिनव पाठक को स्वर्ण

◆ 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता

**रांची, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** इंदौर के द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में 6 से 9 दिसंबर तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता (एसजीएफआई) में झारखंड के अभिनव पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया।

अंडर-17 बालक वर्ग की 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट स्पर्धा में प्रतिभाशाली निशानेबाज अभिनव पाठक ने सटीक निशानेबाजी और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर पहला स्थान हासिल किया। देशभर से आए शीर्ष खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अभिनव ने अपना उत्कृष्ट फॉर्म बनाए रखा और स्वर्ण पर कब्ज़ा जमाया।

प्रतियोगिता में झारखंड दल का नेतृत्व कोच/मैनेजर अनुज कुमार एवं संजय कुमार यादव ने किया। उनके मार्गदर्शन में टीम ने प्रभावी प्रदर्शन किया।

अभिनव की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग तथा राज्य खेल कोषांग के सदस्यों ने बधाई दी है। सभी ने अभिनव की सफलता को राज्य के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को रांची में झारखंड विधानसभा में भारतीय खो-खो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्रीके समक्ष आगामी 9 से 14 मार्च, 2026 तक रांची में आयोजित होने वाली प्रथम कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

खबर अंदर झारखंड के पन्ने पर

# बिहार के आयुष रविशंकर का पचासा



कूच बिहार ट्रॉफी में बिहार की ओर से अर्धशतकीय पारी खेलने वाले बिहार के आयुष रविशंकर।

## कूच बिहार ट्रॉफी : हरियाणा की पहली पारी में मोक्ष मुद्गिल का दोहरा शतक,मेहमान टीम अभी मजबूत

**पटना, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय मोइनुलहक स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी एलीट यूथ फर्स्ट क्लास मुकाबले के दूसरे दिन बिहार और हरियाणा के बीच रोमांचक मुकाबला जारी रहा।

बिहार की टीम ने अपनी पहली पारी में सकारात्मक शुरुआत की और दिन का खेल खत्म होने तक 84/1 रन बना लिए। आयुष रवि शंकर ने 58 रन बनाए, जबकि यश प्रताप ने 10 रन जोड़े। कप्तान और विकेटकीपर तौफिक का विकेट 14 रन पर गिरा।

हरियाणा ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 541 रन बना कर घोषित की। मोक्ष मुद्गिल ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई और 221 रन बनाए। उनके अलावा निधिश गौर (63), रुद्राक्ष नारवाल (55), सम्मी कादियन (58) और तनमय बालोड़ा (66) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। हरियाणा की पारी में कई लंबी साझेदारियां देखने को मिलीं। निधिश गौर और मोक्ष मुद्गिल के बीच 142 रन की साझेदारी ने पारी को स्थिरता दी। इसके बाद मोक्ष मुद्गिल और सम्मी कादियन ने 114 रन जोड़े। बिहार की ओर से सत्यम कुमार और योगेश्वर कुमार ने क्रमशः 2 और 3 विकेट लिए, लेकिन लंबे समय तक बल्लेबाजों ने विकेट नहीं गंवाया। हरियाणा को पहली पारी के आधार पर अभी 457 रन की बड़ी बढ़त है।

# विजय मर्चेंट ट्रॉफी में बिहार पारी से पराजित

**पटना, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** ग्वालियर के कप्तान रूप सिंह स्टेडियम में विजय मर्चेंट ट्रॉफी के अंतर्गत खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने बिहार को एक पारी और 32 रन से हराया। टॉस जीतकर छत्तीसगढ़ ने पहलेफील्डिंग का फैसला किया। बिहार ने अपनी पहली पारी में 123 रन बनाए और सभी 10 विकेट खो दिए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 390 रन बनाए और 9 विकेट खोए।



बिहार ने दूसरी पारी में 235 रन बनाए और सभी 10 विकेट खो दिए। अभिनव सिन्हा 46 रन पर आउट हुए। अमन कुमार ने 43 रन बनाए। पीयूष कुमार ने 46 रन बनाए। शिवांश 23 और विवेक आनंद 18 रन बनाकर आउट हुए।

छत्तीसगढ़ की तरफ से अर्शवीर सिंह भाटिया ने 25 ओवर में 3 विकेट लिए और 71 रन दिए। यथार्थ सिंह चौहान ने 10.2 ओवर में 2 विकेट लिए और 15 रन दिए। तुष्या प्रजापति ने 15 ओवर में 2 विकेट लिए और 38 रन दिए। अरहम नाहर ने 12 ओवर में 2 विकेट लिए और 36 रन दिए।

छत्तीसगढ़ ने इस प्रकार बिहार को एक पारी और 32 रन से हराया। मैच अंक छत्तीसगढ़ को सात और बिहार को शून्य मिले। छत्तीसगढ़ को अतिरिक्त बोनस अंक एक प्राप्त हुआ।



# दरभंगा प्रमंडल बना चैंपियन

- राज्य स्तरीय विद्यालय अंतर-प्रमंडल अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता

**आरा,9 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और जिला प्रशासन भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय अंतर-प्रमंडल अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब दरभंगा प्रमंडल ने जीत लिया। फाइनल में दरभंगा ने मगध प्रमंडल को 7 विकेट से हराया।

**टॉस और पहले बल्लेबाजी का निर्णय:** मगध प्रमंडल के कप्तान पवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवर में मगध ने 10 विकेट पर 135 रन बनाए। टीम की ओर से पवन ने सर्वाधिक 52 रन, दिलखुश ने 19, हिमांशु ने 12, अमन ने 3 और सिमंत ने 0 रन का योगदान दिया। दरभंगा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनुराग ने 3 विकेट, जबकि केशव, याकुब और शास्वत ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

**लक्ष्य का पीछा और दरभंगा की जीत :** लक्ष्य का पीछा करते हुए दरभंगा प्रमंडल ने 3 विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल की। दरभंगा की ओर से बल्लेबाजी में शाहिल ने 20 रन, रितिक ने 24 रन, और शास्वत ने नाबाद 54 रन की शानदार पारी खेली। मगध की तरफ से निशांत, नंदन और सौरभ ने 1-1 विकेट लिए।

**मैच अधिकारी और तकनीकी स्टाफ :** मैच के ऑन-फील्ड अम्पायर सुभीत कुमार सिंह और सन्नी कुमार वर्मा थे, जबकि तीसरे अम्पायर के रूप में तयैब हुसैन, चौथे अम्पायर के रूप में वेदप्रकाश, और मैच रेफरी के रूप में रवि कुमार मौजूद थे। मैच आब्जर्वर संजय कुमार सिंह और राजीव कमल मिश्रा, स्कोरर रत्नेश नंदन और कुंदन कुमार, टीम लायजिंग कुमार विजय, और वीडियो एनालिसिस राजीव कुमार सिंह ने किया।

**पुरस्कार वितरण और राष्ट्रीय चयन:** विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी आलोक कुमार गौतम, कला-संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया कुमारी, और डीपीओ शिक्षा चंदन प्रभाकर ने कप और मेडल देकर सम्मानित किया। चयनकर्ता के रूप में धन्नजय कुमार, शैलेन्द्र दीक्षित और संजय कुमार मौजूद थे। इस आयोजन से चयनित खिलाड़ी तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। समारोह में भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव विनीत राय, पूर्व अध्यक्ष मनोज पांडेय, राहुल सिंह, शिव नारायण पाल, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, नीरज कुमार सिंह, राजीव और दिलिप कुमार सहित भोजपुर के खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# एके क्रिकेट एकेडमी अंतिम 8 में, रोहित का शतक

- ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी 71 रनों से विजयी
- परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**पटना, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** एके क्रिकेट एकेडमी ने परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जगह बना ली. वहीं ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी ने करुणा क्रिकेट एकेडमी पर 71 रन से दर्ज की जीत। ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी की ओर से रोहित ने शतकीय पारी खेली।

### पहला मुकाबला

स्थानीय संजय गांधी स्टेडियम (जीएसी ग्राउंड) पर मंगलवार को खेले गए मैच में एके क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

खराब रोशनी की वजह से 19-19 ओवर के खेले गए मुकाबले में एके क्रिकेट एकेडमी ने 19 ओवर में नौ विकेट खोकर 185 रन बनाए. एके के लिए ओपनर बल्लेबाज आदित्य रिशु रंजन ने 40 और अभिराज सिंह ने 54 रन बनाए। वहीं सुमित ने 19 रन जोड़े। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज दोहरा रन नहीं बना सका। कप्तान अनिमेष ने 30 रन खर्च कर तीन विकेट और आयान आर्यन ने 2 विकेट लिये। जवाब में खेले उतरी एमएससी निर्धारित ओवर में 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। इस तरह एके क्रिकेट एकेडमी ने 51 रन से मैच जीतकर कर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। विजेता टीम के सुमित कुमार को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

संक्षिप्त स्कोरः

एके क्रिकेट एकेडमीः 19 ओवर में 9 विकेट पर 185 रन, आदित्य रिशुरंजन 40, अभिराज सिंह 54, सुमित 19, अतिरिक्त 19, अनिमेरू 3/30, आयान आर्यन 2/33, चंदन 1/8, आयुष राज 1/14.

एमएससी : 19 ओवर में 6 विकेट पर 134 रन, चंदन 56, साहिल 13, आयुष राज 21, अनिमेष कुमार 24, अतिरिक्त 18, सुमित कुमार 3/17, आदित्य रिशुरंजन 1/26, अंकित कुमार पारस 1/25, आदित्य यादव 1/19.

### दूसरा मुकाबला

ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी बनाम करुणा क्रिकेट एकेडमी के बीच सुपर नॉकआउट मुकाबला खेला गया। ट्रैम्फेंट सीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपर बल्लेबाज रोहित कुमार के शानदार नाबाद115 रन और आकर्ष राज के 55 रन की मदद से 21 ओवर में तीन विकेट खोकर 186 रन बनाए। रोहित ने अपना शतक 77 गेंदों में 17 चौके पर 4 छक्के जड़कर पूरे किए। जवाब में करुणा क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 15.2 ओवर में 115 रन पर सिमट गई। विजेता टीम के शतकवीर रोहित को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमीः 21 ओवर में 3 विकेट पर 186 रन, रोहित कुमार नाबाद 115, आकर्ष राज 55, अतिरिक्त 13, आरव कुमार चंद्रा 2/26, अभिषेक कुमार यादव 1/27.

करुणा क्रिकेट एकेडमीः 15.2 ओवर में 115 रन पर आलआउट, आरव चंद्रा 11, हेमंत शर्मा 30, अभिषेक कुमार यादव 24, टिल्लू 15, अतिरिक्त 21, समयक पाठक 2/12, इशु साहिल 2/14, आदर्श 2/14, विराज 2/27.



ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी के रोहित कुमार।




क्वार्टरफाइनल में पहुंची एके क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अतिथियों के साथ।

# अटल बिहारी वाजपेयी महिला क्रिकेट के लिए सेलेक्शन ट्रायल 14 दिसंबर को



**पटना,9 दिसंबर (खेलढाबा)।** भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर स्थानीय मोइनुलहक स्टेडियम में आगामी 20 से 25 दिसंबर आयोजित होने वाली 6 दिवसीय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों के गठन के लिए सेलेक्शन ट्रायल 14 दिसंबर को पटना न्यू थीम क्रिकेट एकेडमी मैदान (राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काजीपुर, पटना-7) नियर-मोइनुल हक स्टेडियम में सुबह 08 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जायेगा। बतौर चयनकर्ता पवन कुमार, प्रकाश कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार एवं सौरभ चक्रवर्ती होंगे।

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने बताया कि ट्रायल के आधार पर टीम का चयन होगा और चयनित खिलाड़ी मोइनुल हक स्टेडियम में 20 से 25 दिसंबर तक आयोजित महिला क्रिकेट चैंपियनशिप में शामिल होंगी। श्री राजू ने कहा कि पूरे बिहार से 300 से अधिक खिलाड़ी इस ट्रायल में शामिल होंगी और इस ट्रायल बेसिस पर टीम का गठन एवं खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।।




राष्ट्रीय स्केटिंग में पदक जीतने वाले बिहार के खिलाड़ी संघ के पदाधिकारियों के साथ।

# राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग में बिहार के अर्नव को स्वर्ण

- पीयूष दयाल ने इस प्रतियोगिता में जीत कांस्य पदक
- विशाखापत्तनम में आयोजित है यह प्रतियोगिता
- संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

**पटना, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** 63वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में बिहार के युवा प्रतिभाशाली स्केटर अर्नव (14 वर्ष) ने इनलाइन फ्रीस्टाइल स्केटिंग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। अर्नव ने अपने अद्भुत कौशल, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जो बिहार के लिए राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस जीत के जश्न में चार चाँद लगाते हुए बिहार के पीयूष दयाल ने इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने राष्ट्रीय स्केटिंग मंच पर बिहार की उपस्थिति और मज़बूत की है।

आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में बिहार स्केट एसोसिएशन की सचिव श्रीमती सुप्रिया सिंह ने दूरभाष के माध्यम से इस उपलब्धि की जानकारी दी।

बिहार स्केट एसोसिएशन ने पदक विजेता अर्नव और पीयूष दयाल को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर कुमार भारती ने कहा कि दोनों स्केटर्स की लगन और कड़ी मेहनत राज्य भर के महत्वाकांक्षी स्केटर्स के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

एसोसिएशन के अन्य सदस्य प्रत्युष कुमार, संदीप कुमार, अनिता सिन्हा, अनुपमा कुमारी और कोच उत्तम केशरी, ललन प्रसाद, साथ ही मीडिया प्रभारी श्रीमोद पाठक ने बिहार की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सभी कोचों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रोत्साहन ने इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# डीसीए की 8 विकेट से शानदार जीत

- अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग
- शदमान को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया

**अररिया, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेली जा रही कांसम ट्रॉफी अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग में मंगलवार को खेले गए मैच में डीसीए ने एफसीए को 8 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर डीसीए ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो पूरी तरह से सही साबित हुआ।

पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए एफसीए की टीम 20 ओवर में केवल 95 रन ही बना सकी। टीम की ओर से कृष्ण आर्यन ने सर्वाधिक 15 रन बनाए, जबकि शुभम बिराजी ने 14 रन का योगदान दिया। डीसीए की गेंदबाजी में यक्षेंद्र ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, वहीं हसन रजा ने 2 विकेट लिए।




लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए ने मात्र 8 विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। बल्लेबाजी में राहुल सिद्धार्थ ने 37 रन बनाए, जबकि शदमान ने 24 रन की उपयोगी पारी खेली। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए शदमान को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

मैच के दौरान अंपायर के रूप में अनामी शंकर और अशोक मिश्रा मौजूद थे, जबकि स्कोरर के कर्तव्य का पालन पंकज ने किया।

इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें सचिव राजेंद्र प्रसाद यादव, ओम प्रकाश जायसवाल, रविशंकर दास, आनंद मोहन सिन्हा, अश्वनी, उज्ज्वल, सरवन, अमित सेनगुप्ता और ग्राउंड्समैन राजेश शामिल थे। आयोजकों और दर्शकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और विजेता टीम को बधाई दी।

# जीत कर भी इलेवन स्टार, जबलपुर बाहर



- अखिल भारतीय चतुर्भुज मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता में चक्रधरपुर की टीम हारी
- 11 दिसंबर को बीरगंज का मुकाबला हावड़ा यूनियन क्लब कोलकाता से होगा

**मुजफ्फरपुर, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** यहां खेली जा रही 33वीं अखिल भारतीय चतुर्भुज मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के छठे मैच में इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब जबलपुर ने स्पोर्टिंग क्लब चक्रधरपुर को 4-1 से पराजित किया।

स्थानीय खुदीराम बोस फुटबॉल मैदान पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में जीत के बावजूद इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब जबलपुर बाहर हो गया, क्योंकि यूथ अकादमी बीरगंज के साथ बराबर पॉइंट होने के कारण गोल एवरेज के आधार पर बीरगंज ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में 11 दिसंबर को बीरगंज का मुकाबला हावड़ा यूनियन क्लब कोलकाता से होगा।

मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि अश्वनी खत्री (अध्यक्ष मुजफ्फरपुर फुटबॉल संघ) ने किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट अध्यक्ष नंदकिशोर आर्य, सचिव डॉ. राणा कर्मकार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, तथा अन्य गणमान्य खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया।

मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खेल के 26वें मिनट में इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब के जर्सी नंबर 12 सूरज ने पहला गोल दागा और अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक स्कोर 1–0 रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल की भरपूर कोशिश की। 71वें मिनट में सूरज कुमार ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। इसके चार मिनट बाद, यानी 75वें मिनट में स्पोर्टिंग क्लब चक्रधरपुर के जर्सी नंबर 14 अर्जुन ने टीम के लिए गोल किया और स्कोर 2-1 हो गया।

लेकिन 78वें और 79वें मिनट में क्रमशः जर्सी नंबर 11 अक्षय और नंबर 9 विजेंद्र ने गोल कर इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब की बढ़त को 4-1 कर दिया। खेल के समाप्ति तक यही स्कोर रहा और क्लब ने शानदार जीत दर्ज की।

मैच के मुख्य अतिथि द्वारा सूरज कुमार को बेस्ट 22 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका राहुल कुमार, सहायक निर्णायक के रूप में मनीष कुमार और अलीमुद्दीन, तथा चौथे निर्णायक के रूप में इरशाद मलिक ने निभाई।

# नालंदा ए और बी की शानदार जीत

- राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी नालंदा जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग

**बिहारशरीफ, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी फॉर नालंदा जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग (एनडीजीएल 2025) के अंतर्गत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में नालंदा बी और नालंदा ए ने जीत दर्ज की।

नालंदा बी ने जहां नालंदा एफ को रोमांचक मुकाबले में 10 रन से हराया, वहीं नालंदा ए ने पूरी तरह एकतरफा अंदाज में नालंदा ई को 54 रन से मात देकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

**पहला मुकाबला : नालंदा बी बनाम नालंदा एफ :** पहले मैच में नालंदा बी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 123/10 का स्कोर खड़ा किया।

पारी की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन दूसरे विकेट के लिए युग सिन्हा ने शानदार बल्लेबाजी की। युग ने संतुलित और संयमित अंदाज में 53 रन (49 गेंद, 7 चौके) की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम की रीढ़ बने रहे।

साथ ही, राजीव संगमा ने 12 रन और प्रियांशु ने 11 रन का योगदान दिया। हालांकि मध्यक्रम जल्दी बिखर गया, लेकिन टीम ने 123 का स्कोर बना लिया।

नालंदा एफ के लिए आयुष्मान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाए और नालंदा बी को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। कप्तान तन्मय और लोकेश ने 2-2 विकेट झटके।

124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नालंदा एफ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शुरुआत में कप्तान तन्मय (12) और आलोक (1) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद रहीश राव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। रहीश ने 78 रन (46 गेंद, 6 चौके, 8 छक्के) की धमाकेदार पारी खेलकर अकेले दम पर मैच को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ने की कोशिश की।

लेकिन दूसरे छोर से विकेट लगातार गिरते रहे। 11वें ओवर तक टीम आधी से ज्यादा बल्लेबाज खो चुकी थी। अंतिम ओवरों में रहीश ने बड़े शॉट जरूर लगाए, लेकिन 19.3 ओवर में उनके आउट होते ही टीम की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। टीम 20 ओवरों में 113/9 तक पहुँच सकी और 10 रन से मैच हार गई।

नालंदा बी के गेंदबाजों ने दबाव बनाकर रखा। चंद्रभान ने 4 ओवर में सिर्फ 6 रन देकर 3 विकेट लिए। कप्तान शिवम यादव ने 3 विकेट चटकाए। युग सिन्हा ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट झटके।

**दूसरा मुकाबला : नालंदा ए बनाम नालंदा ई :** दूसरे मुकाबले में नालंदा ए की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टीम ने शुरुआती झटकों के बावजूद आक्रमक बल्लेबाजी की और 15.3 ओवर में 107 रन बनाए।

नालंदा ए की ओर से विकेटकीपर विशाल कुमार ने तेज गति से रन बनाते हुए 30 रन (19 गेंद, 3 चौके, 2 छक्के) की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके बाद मोनू रॉयल ने भी शानदार 23 रन (16 गेंद) जोड़कर टीम को 100 के पार पहुंचाया। दीपक कुमार ने 11 रन बनाए और टीम का योगदान 107 पर समाप्त हुआ। गेंदबाजी में नालंदा ई के सुमित कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया और 3 विकेट चटकाए। अदित्य और अमन ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि अंशुमन कुमार ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट लिए।

108 रनों के लक्ष्य का पीछा नालंदा ई की टीम के लिए बेहद कठिन साबित हुआ। शुरुआत से ही विकेट गिरते रहे, और टीम दबाव से निकल नहीं सकी।

पूरी टीम 20 ओवरों में केवल 53 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इनमें फाबीहा अली इनाम (11) और अमन (8) ही कुछ देर टिक सके।

नालंदा ए के कप्तान अभि ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मोनू रॉयल ने बेहतरीन लाइन–लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर 2 मेडन सहित 2 विकेट लिए। दीपक कुमार ने भी 2 विकेट अपने नाम किए।



राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी नालंदा जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग की विजेता टीम।

# सनशाइन क्रिकेट क्लब विजयी



- पूर्णिया जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग



**पूर्णिया, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** पूर्णिया जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित पूर्णिया जिला सीनियर डिवीजन जिला क्रिकेट लीग के तहत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में सनशाइन क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत स्पोर्टिंग को 93 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सनशाइन की टीम ने निर्धारित 28.3 ओवर में 177 रन बनाए, जिसके जवाब में जीत स्पोर्टिंग की पूरी टीम मात्र 84 रन पर ढेर हो गई।

**सनशाइन की दमदार बल्लेबाजी :** सनशाइन की शुरुआत धीमी रही, लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाज शमसाद आलम ने 44 गेंदों में 63 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी पारी में 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

इसके अलावा प्रीतम चौहान ने 26 रन, कौशल राज ने 23 रन और शमशेर अली (बंटी अली) ने 10 गेंदों में ताबड़तोड़ 20 रन बनाकर तेजी से रन जोड़े। सनशाइन की टीम ने आखिर में 177 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

जीत स्पोर्टिंग की ओर से अदित्य मंजीत आर्यन ने 3 विकेट, नवाज़िश रौशन ने 2 विकेट, तौफीक आलम ने 2 विकेट और जिशान अख्तर ने 2 विकेट हासिल किए।

**जीत स्पोर्टिंग की कमजोर शुरुआत:** लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीत स्पोर्टिंग की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। पहले तीन विकेट 5 रन के भीतर गिर गए और टीम संभल नहीं सकी। मनीष कुमार की अगुवाई वाली सनशाइन की गेंदबाज़ी यूनिट ने विपक्षी बल्लेबाज़ों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया।

जीत स्पोर्टिंग की ओर से जिशान अख्तर ने 19 रन, शादाब आलम ने 13 रन और नवाजिश रौशन ने 14 रन बनाकर संघर्ष दिखाया, लेकिन अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। पूरी टीम 21.4 ओवर में 84 रन पर सिमट गई।

**सनशाइन की धारदार गेंदबाजी :** सनशाइन क्रिकेट क्लब के मनोहर कुमार ने 5 ओवर में 3 विकेट लेकर जीत की नींव रखी। अरविंद कुमार पसुपति ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 ओवर में सिर्फ 12 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इसके अलावा शंकर बर्मन, कौशल राज और प्रीतम चौहान ने 1-1 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

**सनशाइन की 93 रनों से शानदार जीत :** निर्धारित ओवर पूरे होने से पहले ही जीत स्पोर्टिंग की पूरी टीम 84 रन पर ढेर हो गई, जिससे सनशाइन क्रिक्रेट क्लब ने 93 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। टीम के बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी–दोनों विभागों में संतुलित प्रदर्शन ने उन्हें अंक तालिका में मजबूत स्थिति दिलाई।

# प्रत्यूष, तेजस, अव्यय, आर्या व शालिनी शीर्ष पर

- बिहार राज्य अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता

**बेगूसराय, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय राजौड़ा स्थित यमुना इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में चल रही बिहार राज्य अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज बालक वर्ग में चौथे चक्रकी समाप्ति के पश्चात चार अंक लेकर तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में बेगूसराय शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में आज खेले गए चौथे चक्रके मुकाबले में प्रत्यूष ने अचिन्त्य कश्यप को, तेजस ने कार्तिकेय नंदन को एवं अव्यय शर्मा ने अभिमन्यु कुमार को पराजित कर चार अंक अर्जित किये एवं तीनो खिलाड़ी संयुक्त रूप से बढ़त बनाते हुए अगले चक्र में प्रवेश किये।

तीन अंको के साथ सात खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए है। चौथे चक्रके बाद के रैंकिंग पर निगाह डाले तो शीर्ष तेरह स्थानों पर फिडे रेटेड खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति बना रखी है।

वहीं बालिकाओं के वर्ग में आज सम्पन्न हुए तीसरे चक्रकी समाप्ति के बाद चार खिलाड़ीयों ने तीन तीन अंको के साथ अग्रता बना ली है।

आज खेले गए तीसरे चक्र के मुकाबले में बेगूसराय की आर्या एवं इशिका ने क्रमशः कटिहार की मून एवं पटना की प्रतीक्षा राज को, वहीं पटना की शालिनी ने मुजफ्फरपुर की दिशा को जबकि मुजफ्फरपुर की नव्या ने पटना की वंशिका माहेश्वरी को पराजित करते हुए तीन तीन अंको के साथ अगले चक्रमें प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में अगले दो दिनों तक अभी तीन तीन चक्रऔर खेले जाने है।





## रांची में होने वाले कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप को लेकर भारतीय खो-खो महासंघ का प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के सीएम से की मुलाकात

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया हरसंभव मदद का भरोसा

- मार्च 2026 में होगी पहली कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता
- कुल 23 देशों की महिला व पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी

**रांची,9 दिसंबर (खेलढाबा)।** भारतीय खो-खो महासंघ तथा कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष आगामी 9 से 14 मार्च 2026 तक रांची में आयोजित होने वाली प्रथम कॉमनवेल्थ खो–खो प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़ा विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए सकारात्मक विचार-विमर्श किया और राज्य सरकार की ओर से पूरी तरह सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड खेल प्रतिभाओं की भूमि है और ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन राज्य की पहचान को और मजबूत बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी।

ज्ञात हो कि वर्ष 2026 में झारखंड एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। पहली बार राज्य की धरती पर कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें 23 देशों के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह आयोजन न केवल झारखंड में खेल बुनियादी ढांचे को नई दिशा देगा, बल्कि खो-खो खेल के वैश्विक प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में भारतीय खो–खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सचिव एम. एस. त्यागी तथा महासचिव उपकार सिंह विरक शामिल थे। इसके अलावा राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों में विधायक एवं झारखंड राज्य खो–खो संघ के महासचिव मथुरा प्रसाद महतो, संरक्षक विधायक सी. पी. सिंह, संघ के चेयरमैन संतोष प्रसाद, महासचिव नवीन कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव आलोक कुमार, डॉ. सुभाष साहू, रोहित कुमार सिंह, रांची जिला सचिव सुनील कुमार यादव, संयुक्त सचिव रवि मुंडा, मोनू शुक्ला, अमित कुमार यादव एवं श्री तपन राउत उपस्थित थे।



# दूसरी पारी में भी लड़खड़ाया झारखंड, केरल को बढ़त

- कूच बिहार ट्रॉफी में मेहमान टीम लड़खड़ा कर संभला

**हजारीबाग, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी के अंतर्गत केरल के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में झारखंड की टीम दूसरी पारी में भी लड़खड़ा गई है।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मैच पर केरल की पकड़ मजबूत बनी हुई है। केरल की टीम 72 रन से आगे है। झारखंड की टीम दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट गंवा दिये हैं। झारखंड की टीम पहली पारी में 206 रन पर सिमट गई थी।

पहली पारी में केरल की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और शुरुआती पांच विकेट 89 रन के भीतर गिर गए। लेकिन इसके बाद माधव कृष्णा और अभिनव के.वी. ने पारी को संभाल लिया। माधव कृष्णा ने 183 गेंदों पर 139 रन की शतकीय पारी खेली। उनके साथ अभिनव के.वी. ने 124 गेंदों पर 50 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों ने मिलकर 178 रनों की साझेदारी कर दी, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। केरल की पहली पारी 333 रन पर समाप्त हुई, जिससे टीम को 127 रनों की अहम बढ़त मिली।

झारखंड की ओर से दीपांशु रावत ने 43 ओवर में 105 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। ईशान ओम ने 3 विकेट लिए। अरजुन प्रियदर्शी को एक सफलता मिली।

दूसरी पारी में झारखंड ने सावधानी से शुरुआत की, लेकिन केरल के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर दबाव बनाए रखा। टीम ने 23 ओवर में 2 विकेट पर 55 रन बना लिए हैं। वात्सल तिवारी ने 27 रन बनाए, जबकि एल. कौशिक 7 रन बनाकर आउट हुए। अर्जुन प्रियदर्शी 16 और यश राठौर 5 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।



केरल के माधव कृष्णा और अभिनव के.वी.

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड अब भी पिछड़ रहा है और मैच बचाने के लिए उसे चौथे दिन लंबी बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी के अंतर को पार करना टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगा, इसलिए शीर्ष और मध्य क्रम पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# झारखंड सीनियर पुरुष फ्री स्टाइल कुश्ती टीम अहमदाबाद रवाना



**रांची, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** अहमदाबाद में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड सीनियर पुरुष फ्री स्टाइल कुश्ती टीम मंगलवार को रांची से अहमदाबाद के लिए रवाना हुई। 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने से पूर्व टीम का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर खेलगांव, होटवार, रांची में आयोजित किया गया था, जहां खिलाड़ियों ने गहन तैयारी की। यह जानकारी झारखंड राज्य कुश्ती संघ के सचिव रजनीश कुमार ने दी।

झारखंड पुरुष फ्री स्टाइल टीम में कुल 10 पहलवान और 2 प्रशिक्षक शामिल हैं। टीम के खिलाड़ियों में नितीश कुमार (57 किग्रा), सत्यम सौमित्रा (61 किग्रा), निरंजन लकड़ा (65 किग्रा), अनिकेत कुमार रोशी (70 किग्रा), चंदन यादव (74 किग्रा), मोतीलाल यादव (79 किग्रा), मनीष कुमार यादव (86 किग्रा), दीपक कुमार (92 किग्रा), सुशांत सौरव (97 किग्रा) और प्रकाश पांडेय (125 किग्रा) शामिल हैं। प्रशिक्षकों में सत्यनारायण महली (लोहरदगा) और युगल किशोर महतो (गिरिडीह) टीम के साथ यात्रा पर हैं।

रवाना होने से पहले झारखंड खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों को ट्रैकसूट और खेल किट प्रदान किए गए। टीम को शुभकामनाएं देने वालों में झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर (भा.प्र.से.), खेल निदेशक शेखर जमुआर (भा.प्र.से.), अभिभावक के रवि कुमार (भा.प्र.से.), मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, सभी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष/सचिव तथा खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# ड्रीम बिग सीए, लोयोला कॉन्वेंट और नगड़ी सीए ने दर्ज की जीत

- सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

**रांची, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची में आयोजित सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए तीन मुकाबलों में ड्रीम बिग सीए ए, लोयोला कॉन्वेंट, और नगड़ी सीए ने अपने–अपने मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

**हटिया सीए बी बनाम ड्रीम बिग सीए ए (ग्राउंड-रातू) :** रातू ग्राउंड पर खेले गए मैच में ड्रीम बिग सीए ए ने हटिया सीए बी को 9 विकेट से हराकर आरामदायक जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए हटिया सीए बी की टीम 22.4 ओवर में 72 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से रूबल ने 13 रन बनाए। गेंदबाज़ी में ड्रीम बिग के दिवांशु ने 3 रन देकर 5 विकेट की घातक गेंदबाजी की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ड्रीम बिग सीए ए ने मात्र 6.3 ओवर में 73 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। दिव्यांशु ने 43 रन की तेज पारी खेली, जबकि गुडविन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। अथर्व ने गेंदबाज़ी में 1/29 लिया।

**लोयोला कॉन्वेंट बनाम सरला बिरला स्कूल (ग्राउंड-नेहरू) :** नेहरू ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में लोयोला कॉन्वेंट ने सरला बिरला स्कूल को 103 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए लोयोला की टीम ने 30 ओवर में 199 रन बनाए। इशान ने 88 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि कौशल ने 47 रन जोड़े। सरला बिरला स्कूल की ओर से अंकुर ने 3/32, उज्ज्वल ने 2/35 और निखिल ने 2/26 लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सरला बिरला स्कूल 23.3 ओवर में 96 रन पर सिमट गया। टीम की ओर से जैनीत ने 4/19 की शानदार गेंदबाजी की। हर्ष ने 2/12, आदित्य ने 2/20 और पुष्प ने 2/8 लेकर जीत पक्की की।

**नगड़ी सीए बनाम यूनाइट सीए (ग्राउंड-सुकुरहुट्टू) :** सुकुरहुट्टू ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में नगड़ी सीए ने यूनाइट सीए को 191 रनों से हराकर टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नगड़ी सीए ने 35 ओवर में 295/1 का विशाल स्कोर खड़ा किया। चीकू ने नाबाद 123 रन और अभिराज ने नाबाद 75 रन बनाए। यूनाइट सीए के शौर्य ने 1/29 लिए।

जवाब में यूनाइट सीए की टीम 25.2 ओवर में 104 रन पर ढेर हो गई। आयांश ने 30 और कामरान ने 34 रन बनाए। नगड़ी सीए की ओर से हिमांशु ने 5 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि पीयूष ने 2/35 हासिल किए।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 82 रन से विजयी

- आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में ऑक्सब्रिज मांडर जीता

**रांची, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और ऑक्सब्रिज मांडर ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए।

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बनाम सेंट जेवियर स्कूल (ग्राउंड-गोलचक्कर) :** गोलचक्कर ग्राउंड पर हुए मुकाबले में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने सेंट जेवियर स्कूल को 82 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 32.4 ओवर में 176 रन बनाए। यश ने 56 और अस्मित ने 44 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। गेंदबाज़ी में सेंट जेवियर के दर्श ने 4/34 और बैदिक ने 3/45 लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट जेवियर की टीम 23.4 ओवर में 94 रन पर ढेर हो गई। श्रेयश ने 28 और सौरिश ने 19 रन बनाए। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से यश ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गेंदबाज़ी में 3/12 लिए, जबकि शुभम ने 2/27 का योगदान दिया।

**ऑक्सब्रिज मांडर बनाम ओडीएम सफायर (ग्राउंड-एयरपोर्ट) :** एयरपोर्ट ग्राउंड पर ऑक्सब्रिज मांडर ने ओडीएम सफायर को 71 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। ऑक्सब्रिज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 191/9 का स्कोर बनाया। एमडी अयान ने 78 रनों की उम्दा पारी खेली, जबकि अयान राजा ने 35 और सौरभ ने 25 रन जोड़े। सफायर की ओर से श्रेयश ने 6/46 और नैतिक ने 2/24 लिए।

जवाब में ओडीएम सफायर 24.4 ओवर में 120 रन पर ऑलआउट हो गया। नैतिक ने बल्लेबाजी में भी 41 रनों की पारी खेली और समर ने 22 रन बनाए। ऑक्सब्रिज की तरफ से सौरभ ने 5/29 लेकर विरोधी टीम को बड़ा झटका दिया, जबकि अयान राजा ने 2/14 लिए।

# डीसीए रेड को हरा एसपीएस फाइनल में

- देवघर जिला सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग

**देवघर, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** मंगलवार को स्थानीय केकेएन स्टेडियम में खेले गए सुपर लीग के पहले सेमीफाइनल में एस पी एस ने डीसीए रेड को 4 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

डीसीए रेड ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पूरी टीम 180 रन पर ऑल आउट हो गई। कप्तान सुनील ने 53 रन बनाए, आनंद प्रकाश ने 31 और सिद्धांत ने 47 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाजी में शिवम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए।

जवाब में एस पी एस की टीम ने 32 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाकर जीत हासिल की। बल्लेबाज जुनैद ने 28, यश ने 52 और विशाल ने 42 रन बनाए। आर्यन ने भी 22 रन जोड़े। गेंदबाजी में सुनील, महादेव और विक्रम ने एक–एक विकेट लिया।

आज के मैच में अंपायर की भूमिका अभिषेक आनंद और शशांक शशि ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी अभिषेक भोक्ता ने संभाली।

कल सुपर लीग का दूसरा सेमीफाइनल डीसीए–1 और मां मनसा स्ट्राइकर के बीच खेला जाएगा। वहीं, चटर्जी ग्राउंड पर अंडर–14 और बी डिवीजन का फाइनल मुकाबला आयोजित होगा।



# एस्कॉट सीए और एसओसी ने विजयी

**रांची, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीज़न क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में एस्कॉट सीए और एसओसी ने अपने–अपने मैच जीतकर अगले दौर में कदम बढ़ाया।

ओटीसी ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में एस्कॉट सीए ने हटिया सीसी को 34 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एस्कॉट सीए की टीम 26.1 ओवर में 170 रन बनाकर ऑल आउट हुई। टीम की ओर से सानू ने 34 और रूपेश ने 30 रन का योगदान दिया। हटिया सीसी की तरफ से मोहित ने 5/30 और अथर्व ने 3/22 की असरदार गेंदबाजी की। जवाब में हटिया सीसी 31.2 ओवर में 136 रन पर सिमट गई। टीम के लिए मनीष नायक ने 29 रन बनाए, जबकि एस्कॉट सीए की ओर से कासिफ ने 4/19 लेकर टीम को जीत दिलाई।

दूसरा मुकाबला ईईएफ टाटीसिलवाई ग्राउंड में एसओसी और साईदीप पेस फाउंडेशन के बीच खेला गया, जिसमें एसओसी ने 40 रन से जीत दर्ज की। एसओसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.2 ओवर में 115 रन बनाए। अर्जुन ने 34 और खालिद ने 18 रन जोड़े। साईदीप की ओर से अंश मौर्य ने 4/26, रजनीश ने 3/22 और शुभम ने 2/25 लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए साईदीप पेस फाउंडेशन की टीम 21.1 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के शुभम ने 23 रन बनाए, जबकि एसओसी की ओर से अंकित और अमन ने क्रमशः 3/20 और 3/14 लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

# पीपीके, गोस्सनर, डोरंडा और मारवाड़ी महाविद्यालय विजयी

**लोहरदगा, 9 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे दिन खेले गए चार मुकाबले में पीपीके , गोस्सनर, डोरंडा और मारवाड़ी महाविद्यालय ने दर्ज की जीत,

पहले मुकाबले में पी.पी.के. महाविद्यालय, बुंडू ने सेंट जेवियर महाविद्यालय, रांची को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट जेवियर महाविद्यालय ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 155 रन बनाए। टीम के लिए उद्धव मिश्रा ने 41 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए पी.पी.के. महाविद्यालय ने 19.1 ओवर में 6 विकेट शेष रहते जीत हासिल की। टीम के बल्लेबाज़ रमेश महतो ने 55 गेंदों पर 69 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

दूसरा मुकाबला गोस्सनर महाविद्यालय और रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें गोस्सनर महाविद्यालय ने 73 रनों से जीत दर्ज की। गोस्सनर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 20 ओवर में 184 रन बनाए। शुभम प्रसाद ने 30 गेंदों पर 54 रन और प्रभात बोपाय ने 43 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली। जवाब में रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय की टीम 14.2 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। गोस्सनर के अमर और सुजल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3–3 विकेट हासिल किए।

तीसरे मुकाबले में डोरंडा महाविद्यालय ने जे.एन. महाविद्यालय धुर्वा को 9 विकेट से पराजित किया। जे.एन. महाविद्यालय धुर्वा की टीम 17.3 ओवर में 83 रन बनाकर आउट हो गई। जवाब में डोरंडा महाविद्यालय ने मात्र 6.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाते हुए आसान जीत दर्ज की। टीम के गौरव पल ने 2.3 ओवर में 3 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

चौथे और अंतिम मुकाबले में मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची ने करमचंद भगत महाविद्यालय, बेड़ो को 36 रनों से हराया। मारवाड़ी महाविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 150 रन बनाए। प्रसांत कुमार पाण्डेय ने 28 गेंदों पर 40 रन और प्रणय चौधरी ने 25 गेंदों पर 39 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए करमचंद भगत महाविद्यालय की टीम 19 ओवर में 114 रन ही बना सकी। टीम के लिए प्रेम राज साहू ने 44 गेंदों पर 62 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।

प्रतियोगिता 12 दिसंबर तक खेली जाएगी। आज के मैचों के दौरान चयन समिति सदस्य श्री चंचल चटर्जी, लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री आलोक राय, प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी प्रो. आनंद मांझी, पीटीआई श्री सोनू बड़ाईक सहित कई शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त

### मेसी और सुआरेज रैंप पर साथ चलेंगे

कोलकाता। अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। 'जी.ओ.ए.टी. इंडिया टूर 2025' के प्रमोटेर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को पीटीआई को बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे।

### सेसा फुटबॉल अकादमी ने क्वालीफाई किया

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

### कोलकाता दौड़ में 23000 धावक भाग लेंगे

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23000 से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे। युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है।

### कालीस अल्काराज ने मियामी में बिखेरा जलवा

**मियामी।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कालोस अल्काराज ने यहां मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा।

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तैयारी करने का समय

**नईदिल्ली।** फिडे सर्किट 2025 जीतकर अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की करने वाले भारतीय स्टार आर. प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को कहा कि वह इस साल 'कुछ अच्छे प्रदर्शन' के बाद अब प्रतिष्ठित स्पर्धा में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए 'काम कर रहे हैं'। गोवा में फिडे विश्व कप में निराशाजनक अभियान के बावजूद 20 साल के प्रज्ञानानंदा लंदन शतरंज क्लासिक में अपना स्थान पक्का कर लिया। वह अगले कैंडिडेट्स में एकमात्र भारतीय पुरुष प्रतिनिधि होंगे।

### थारुन, किरण को पहले दौर में बाई

**कटक।** शीर्ष वरीय थारुन मन्नेपल्ली और दूसरे वरीय किरण जॉर्ज सहित कई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार को यहां एक लाख 10 हजार डॉलर इनामी ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में बाई मिलने के बाद पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए।

गोलघर मीडिया वेंचर्स के लिए कविता कुमारी द्वारा पी-5, आईटीसी कॉलोनी, विद्यापुरी, कंकड़बाग, पटना, बिहार से प्रकाशित, संपादक–डी.वी पटवर्धन (अधिवक्ता)* फोन : 7870100025, web-www.kheldhaba.com, Email-kheldhaba@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी. आर. बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा पटना अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)

# हार्दिक पांड्या का हरफनमौला खेल

## पहले टी20 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 101 रन के भारी अंतर से किया पराजित





**कटक, 9 दिसंबर।** हार्दिक पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार को 101 रन से हराकर शानदार शुरुआत की।

**भारत का विशाल स्कोर:** भारत ने छह विकेट पर 175 रन का विशाल स्कोर बनाया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 12.3 ओवर में 74 रन पर ऑल आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का अब तक का सबसे छोटा स्कोर है। भारत ने इससे पहले नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका को 135 रन से हराया था।

**पांड्या की आक्रामक पारी और गेंदबाजी :** पांड्या ने 28 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाते हुए चार छक्कों और छह चौकों की मदद से टीम को बड़े स्कोर तक पहुँचाया। पांड्या ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और अनुभवी डेविड मिलर (एक रन) को आउट किया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली।

**दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष :** दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने 22 रन बनाए जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडेन मार्कराम ने 14-14 रन का योगदान दिया। लुंगी एनगिडी ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए, लुथो सिपामला को दो और डोनोवन फरेरा को एक सफलता मिली।

**भारतीय टीम की पावर प्ले में मजबूती :** भारत ने शुरुआती संघर्ष के बाद पावर प्ले में मजबूत स्थिति बनाई। 12 ओवर तक चार विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही टीम के लिए पांड्या ने केशव महाराज और एनरिक नोर्किया की गेंदों पर दो बड़े छक्के जड़ते हुए रन गति बढ़ाई। अक्षर पटेल और दुबे ने भी पंड्या का समर्थन किया, लेकिन दुबे 18वें ओवर में बोल्ड हो गए।

**गेंदबाजी में दबदबा और बड़े विकेट:** दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्दी ही महत्वपूर्ण विकेट लेकर उन्हें दबाव में ला दिया। अर्शदीप सिंह ने पारी की दूसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक को आउट किया और ट्रिस्टन स्टब्स को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। कप्तान एडेन मार्कराम ने बुमराह के खिलाफ पावर प्ले में कुछ अच्छे शॉट लगाए, लेकिन अक्षर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। चक्रवर्ती और पांड्या ने भी बड़े विकेट लेकर टीम का दबदबा बनाए रखा।

**बुमराह का कीर्तिमान और पंड्या का छठा अर्धशतक :** बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने 100वें विकेट का कीर्तिमान पूरा किया और पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी आउट कर मैच भारत की ओर कर दिया। पंड्या ने अंतिम ओवर में नोर्किया की गेंद पर छक्का मारकर अपना छठा टी20 अर्धशतक पूरा किया।

**श्रृंखला की शुरुआत भारत के नाम:** भारत की इस शानदार जीत ने श्रृंखला की शुरुआत बेहद मजबूती से की है और पंड्या के बहुआयामी प्रदर्शन ने टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई।

# सभी को निडर बनने की आवश्यकता: सूर्यकुमार

**कटक, 9 दिसंबर।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी टीम से आग्रह किया कि वे हमेशा निडर बने रहें और मैदान पर सकारात्मक रवैया बनाए रखें। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में टीम की बल्लेबाजी गहराई से मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। हार्दिक पंड्या ने 28 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाकर भारत को 175/6 तक पहुँचाया और बाद में टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 12.3 ओवर में 74 रन पर रोकते हुए 101 रन से जीत दर्ज की।

**स्ट्रेटेजी और बैकअप बल्लेबाजी:** सूर्यकुमार ने कहा कि 48/3 की स्थिति से 175 रन तक पहुँचना शानदार रहा। 7–8 बल्लेबाजों के साथ, कभी–कभी अन्य बल्लेबाज आपकी मदद कर देते हैं। हम चाहते हैं कि हर खिलाड़ी निडर रहे और अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले,₹ उन्होंने कहा।

**पांड्या का वापसी प्रदर्शन:** सांसद्रेप इंजरी से लौटे पंड्या ने छह चौकों और चार छक्कों की मदद से टीम को मजबूती प्रदान की। पांड्या ने कहा कि मैं अपने शॉट्स पर भरोसा करना चाहता था। विकेट थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे अपनी बल्लेबाजी से संतुष्टि मिली। इन पिछले 50 दिनों में फिटनेस और तैयारी पर ध्यान दिया और परिणाम इस तरह से मिलने पर संतोष है।

**पावरप्ले में बदलाव :** सूर्यकुमार ने पंड्या की पावरप्ले में न गेंदबाजी करने के निर्णय पर कहा कि वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह पावरप्ले के लिए सही विकल्प थे। उन्होंने कहा कि हार्दिक बाद में आते हैं और चोट से वापसी कर रहे हैं, इसलिए हमें उनकी देखभाल करनी थी।

**मारक्रम की प्रतिक्रिया :** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने हार की वजह साझेदारी न बन पाना बताई। उन्होंने कहा कि हमें जल्दी आगे बढ़ना होगा। टी20 में समय कम होता है, इसलिए साझेदारी बनाना मुश्किल हो गया। यह दुख की बात है कि यह पहला मैच रहा, लेकिन हमें सकारात्मक रहना होगा।

# जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग का आयोजन



**जमशेदपुर, 9 दिसंबर।** भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को एक विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की।

जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच–पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं।

शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं।

यह टूर्नामेंट जमशेदपुर सुपर लीग का एक हिस्सा है, जिसमें आयु–वर्ग लीग जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी होती हैं।जमशेदपुर एफटी ने ट्रांसजेंडर लीग के शुरुआती दिन उद्घाटन मैच में चाईबासा एफसी को 7–0 से जबकि कोल्हान टाइगर एफसी ने चक्रधरपुर एफसी को 3–0 से हराया। जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी और नोआमुंडी एफसी के बीच मैच गोलरहित ड्रॉ खेला गया।

जमशेदपुर एफटी के लिए चार गोल करने वाली पूजा सोय ने फुटबॉल खिलाड़ी के तौर पर खुद की पहचान बनने पर खुशी जताते हुए ने कहा, ''फुटबॉल एक बहुत ही खूबसूरत खेल है। पहली बार मुझे ऐसा लगा कि मुझे मेरे लिंग के लिए नहीं बल्कि मेरे खेल के लिए देखा जा रहा है।

# नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

## जूनियर मेंस विश्व कप में कांस्य पदक के मुकाबले अर्जेंटीना से भिड़ंत आज



**चेन्नई, 9 दिसंबर।** जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में करारी हार के बाद भारत की जूनियर हॉकी टीम बुधवार को जूनियर विश्व कप के कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाफ मैदान में उतरेगी। टीम का लक्ष्य नौ साल बाद विश्व कप में पदक जीतना है, लेकिन इसके लिए उसे दबाव में गलतियां करने की पुरानी आदत को छोड़ना होगा।

पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान हासिल करने वाली भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ हुई 1-5 की हार में दोहराई गई गलतियों से सीखना होगा। भुवनेश्वर में 2021 और कुआलालंपुर में 2023 में हुए टूर्नामेंट में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3–1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने केवल 2016 में लखनऊमें ही खिताब जीता है।

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके मुख्य कोच पी. आर. श्रीजेश का कहना है कि यह पदक टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने चेताया कि अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंकना चाहिए। अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4–2 से हराकर खिताब जीता था।

राउंड रॉबिन चरण में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और 29 गोल किए, जबकि कोई गोल नहीं गंवाया। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ भारत को 45 मिनट तक एक गोल से पीछे रहने के बावजूद कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों से बढ़त मिली, लेकिन आखिरी मिनट में गोल गंवाकर मैच पेनल्टी शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत ने जीत हासिल की, लेकिन मैच समय रहते समाप्त किया जा सकता था।

सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ भारतीय टीम की डिफेंस पूरी तरह चरमरा गई और फॉरवर्ड पंक्ति गोल बनाने में नाकाम रही। पूरे मैच में भारत को केवल एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जबकि जर्मन टीम ने दबाव बनाए रखा।

कोच श्रीजेश ने कहा, हमें अपने खेल पर नियंत्रण रखना सीखना होगा। बड़ी टीमों को इतने मौके देने से बचना होगा। दबाव में आकर बेसिक्स भूलना हमें रोकना होगा। गोल के मौके बनाना और उन्हें भुनाना जरूरी है। छोटी गलतियां ही बड़ी हार का कारण बन रही हैं।

गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन पूरे डिफेंस को एकजुट होकर खेलना होगा। फॉरवर्ड पंक्ति को सर्कल में गलतियां, लंबे हवाई पास और गेंद पर नियंत्रण खोने की कमी को दूर करना होगा। पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मनप्रीत सिंह और कप्तान रोहित को उसी लय में खेलना होगा।

अर्जेंटीना टीम अपने पूल में तीन में से दो मैच जीतकर शीर्ष पर रही और क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को एक गोल से हराया। टूर्नामेंट से पहले भारत और अर्जेंटीना ने तीन अभ्यास मैच खेले, जिसमें पहला 1–1 से ड्रॉ रहा, दूसरा भारत ने 5–3 से और तीसरा अर्जेंटीना ने 2–1 से जीता। अर्जेंटीना के कोरिया ब्रूनो टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और छह गोल कर चुके हैं।

# बिहार के चार प्लेयरों की लगेगी बोली

◆ आईपीएल नीलामी लिस्ट में बिहार के साकिब हुसैन, विपिन सौरभ, साबिर खान और मोहम्मद इजहार शामिल









**मुंबई, 9 दिसंबर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों में बिहार के चार प्लेयर साकिब हुसैन, मोहम्मद इजहार, विपिन सौरभ और साबिर खान खान शामिल है। मोहम्मद इजहार से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन किया है। विपिन सौरभ ने अभी तक घरेलू सत्र में बेहतर खेल दिखा चुके हैं। कोलकाता नाइट्राइडर्स टीम में हो चुके साकिब हुसैन भी बोली की लिस्ट में शामिल हैं। सबों का बेस प्राइस 30 लाख है।

हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे।

आईपीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों की नीलामी के लिए कुल 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 पर दिया गया था। इन खिलाड़ियों में से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे।

नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन दोनों ने अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपये रखा है।

आईपीएल द्वारा साझा की गई सूची में दो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज किए गए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने अपना आधार मूल्य दो करोड़ रुपये रखा है।

तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपये की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है जिसके पास 43.4 करोड़ रुपये की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपये के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है।

### डेजर्ट वाइपर्स ने सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हराया

DP WORLD International League T20

**दुबई, 9 दिसंबर।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया।

जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है। इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए। गल्फ जायंट्स ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी तरफ से पथुम निसांका (29 गेंदों पर 56 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (31 गेंदों पर 41 रन) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 73 रन जोड़े। उनके अलावा जेम्स विंस ने 22 गेंदों पर 25 रन और उमरजई ने 13 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया।

# हेजलवुड एशेज से बाहर कमिंस की वापसी तय



**ब्रिस्बेन, 9 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा, ''वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी।''

इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था।

तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, ''हमें लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार होंगे। उन्होंने जिस तरह से अभ्यास किया है उसे देखकर हमें लगता है कि वह एडिलेड की चुनौतियों के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में होंगे।''चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा।


बिहार ओलंपिक संघ एवं राज्य के विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में
बिहार के माननीय खेल मंत्री अर्जुन अवार्डी
सुश्री श्रेयसी सिंह का
अभिनंदन समारोह
समय : 1:00 बजे अपराह्न
कला मंदिर, पटना


CYCLING ASSOCIATION OF BIHAR
कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय
समग्र शिक्षा, बिहार
CLUB




CAMPUS




बिहार के माननीय खेल मंत्री अर्जुन अवार्डी
सुश्री श्रेयसी सिंह



















# खेल मंत्री श्रेयसी सिंह का अभिनंदन समारोह

































































